आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

दिनांक : 24/03/2026 समय : 7.10 एएम

**मुख्य समाचार :-**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, पश्चिम एशिया संकट के बीच में जरूरी सामग्री की आपूर्ति सुचारू रखने के लिए हरसंभव प्रयास
- प्रदेश में शासन-प्रशासन व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में एआई की मदद ली जाएगी
- प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते की वृद्धि को केबिनेट की मंजूरी
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दतिया में किसान सम्मेलन में 62 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे।
- प्रदेश में 26 मार्च से बारिश और आंधी का दौर शुरू होने का अनुमान

**पीएम-सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने - कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच देश यह सुनिश्चित करने का निरंतर प्रयास कर रहा है कि लोगों को ऊर्जा, उर्वरक या आवश्यक वस्तुओं को लेकर थोड़ी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। नई दिल्ली में कल एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत ने इस संकट के दौरान संबंध बनाने, निर्णय लेने और संकट प्रबंधन की अपनी उल्लेखनीय क्षमता प्रदर्शित की है। 28 फरवरी से वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल मची हुई है, पर कठिन और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी भारत अपनी प्रगति और विकास प्रतिबद्धता के साथ विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

**मंत्रि-परिषद बैठक- प्रदेश**

प्रदेश में शासन-प्रशासन व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में एआई की मदद ली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में कल यह निर्णय लिया गया। कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप ने मंत्रिपरिषद के निर्णयों की जानकारी दी...

**कर्मचारी/पेंशनर्स महंगाई भत्ता - प्रदेश**

प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए 1 जुलाई 2025 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते की वृद्धि करते हुए 58 प्रतिशत के मान से महंगाई भत्ता स्वीकृत किया है। 1 जुलाई, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक की बकाया राशि का भुगतान मई महीने से छह समान किस्तों में आगामी महीनों तक किया जायेगा। एक जनवरी, 2025 से 31 मार्च, 2026 की अवधि में सेवानिवृत और दिवंगत शासकीय सेवकों के संबंध में उन्हें अथवा नामांकित सदस्य को बकाया राशि का भुगतान एकमुश्त किया जायेगा। वहीं प्रदेश के आंगनवाड़ी केंद्रों में 06 माह से 06 वर्ष आयुवर्ग के अति कम वजन के बच्चों के लिए पूर्व निर्धारित प्रतिदिन प्रति हितग्राही राशि 8 रूपये से बढ़ाकर 12 रूपये किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

**आंगनवाड़ी-विद्यारंभ - प्रदेश**

प्रदेश में आज सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर विद्यारंभ समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त कर रहे 5 से 6 आयु वर्ष के बच्चों को "विद्यारंभ प्रमाण-पत्र" प्रदान कर उन्हें औपचारिक स्कूली शिक्षा की ओर अग्रसर किया जाएगा। इस पहल को राज्य स्तर पर प्रदर्शित करने के लिए भोपाल में विशेष राज्य स्तरीय ' ग्रेजुएशन सेरेमनी ' का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप की जा रही है, इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के अनौपचारिक शिक्षा से औपचारिक विद्यालयी प्रणाली में सुगम संक्रमण को सुनिश्चित करना, परिवार और समुदाय को शाला पूर्व शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा आंगनवाड़ी केंद्रों को प्रारंभिक शिक्षा के सशक्त केन्द्र के रूप में स्थापित करना है।

**किसान सम्मेलन- मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दतिया जिले के भांडेर में किसान सम्मेलन में शामिल होंगे। वे दतिया जिले में 62 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इनमें दतिया जिले के पीजी कॉलेज दतिया में विज्ञान संकाय भवन व केंटीन का निर्माण कार्य, माता रतनगढ़ समग्र विकास योजना में यात्री निवास भवन निर्माण कार्य शामिल है।

**सेना युवा-"शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026"**

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग युवा अभ्यर्थियों को सुरक्षाबलों में भर्ती के लिए सक्षम बनाने के लिए "शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026" की शुरुआत करने जा रहा है। इसके जरिए युवाओं को गुणवत्तापूर्ण आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें शारीरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ सामान्य ज्ञान, गणित, तर्कशक्ति, कंप्यूटर एवं अंग्रेज़ी जैसे विषयों का सैद्धांतिक प्रशिक्षण भी शामिल होगा। राज्य मंत्रिपरिषद ने कल इस योजना को मंजूरी दे दी है। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि योजना के प्रारंभिक चरण में 40 प्रशिक्षण केंद्रों के जरिए 4000 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। योजना में महिला और पुरुष अभ्यर्थियों के लिए अलग अलग केंद्र संचालित किए जाएंगे। प्रशिक्षण की अवधि 45 दिन निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को निःशुल्क आवास, भोजन एवं अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही पुरुष अभ्यर्थियों को 1000 रुपये तथा महिला अभ्यर्थियों को 1100 रुपये प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। योजना के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है।

**सेना परेड- भोपाल**

युवाओं को सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आगामी सेना दिवस 15 जनवरी 2027 को भोपाल में विशेष परेड आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ कल भोपाल में बैठक में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि भव्य सेना दिवस परेड के साथ ही शौर्य संध्या, सेना के हथियारों संसाधनों और उपकरणों पर केंद्रित प्रदर्शनी तथा सैन्य अभ्यास का प्रदर्शन भी होगा। सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान भी किया जाएगा। सभी गतिविधियां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी पर नई दिल्ली में होने वाले कार्यक्रमों की भव्यता और गरिमा के समान होंगी। कार्यक्रम में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे। सैन्य प्रदर्शनी का आयोजन 7 से 12 जनवरी तक

होगा। भोपाल के बड़े तालाब में 11 और 12 जनवरी को सैन्य अभ्यास होगा। बड़े तालाब पर वॉटर स्पोट्र्स, एयर शो और सैन्य अभ्यास गतिविधियां होंगी।

**रामनवमी- प्रदेश**

श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर 27 मार्च को प्रदेश के सात स्थलों पर श्रीराम केन्द्रित नृत्य नाटिका, गायन सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन किया जाएगा। इनमें श्रीराम राम राजा मंदिर प्रांगण ओरछा धाम (निवाड़ी), भरत घाट – चित्रकूट (सतना), श्रीराम जानकी (पंचायती) मंदिर - शहडोल, मंगल भवन परिसर – उमरिया, जुगल किशोर मंदिर प्रांगण – पन्ना, सीतामढ़ी – कोतमा (अनूपपुर) और अहमदपुर – बरेली (रायसेन) पर कार्यक्रम सायं 7 बजे से प्रारंभ होगा। संस्कृति विभाग द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव की गरिमा के अनुरूप, धार्मिक एवं पौराणिक मान्यताओं को दृष्टिगत रखते हुए 'प्राकट्य पर्व' का आयोजन किया जा रहा है।

**रसोई गैस- मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पश्चिम एशिया मे चल रहे घटनाक्रम के मद्देनजर अधिकारियों को प्रतिदिन रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टरों को जरूरी दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश मे एलपीजी की कालाबाजारी तथा जमाखोरी के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश मे 1 हजार 844 स्थानों पर कार्यवाही कर 2हजार 717 सिलेंडर जब्त किये गए।

**मौसम**

प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, 26 मार्च से प्रदेश में बारिश और आंधी का दौर शुरू हो सकता है। इसका असर खासतौर पर पूर्वी मध्य प्रदेश के जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के 20 से अधिक जिलों में देखने को मिलेगा। इससे पहले प्रदेश में अगले तीन दिनों तक गर्मी का असर तेज रहेगा। दिन के तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश में कई स्थानों पर अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। राज्य में सबसे ज्यादा तापमान नर्मदापुरम में सैंतीस दशमलव सात डिग्री और सबसे कम तापमान ग्यारह दशमलव छह डिग्री भी नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में दर्ज किया गया।

**समाचार संक्षेप में :-**

- खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का आयोजन 25 मार्च से 03 अप्रैल 2026 तक छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों में किया जा रहा है।
- इंदौर में शहीद दिवस के अवसर पर कल अमर क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की स्मृति में पारंपरिक मशाल यात्रा आयोजित की गई। धार और खंडवा में भी इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- अशोकनगर में 26 मार्च को युवा संगम जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला 'आयोजित किया जाएगा।
- जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आगरमालवा जिले के सुसनेर में कल विद्यार्थियों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया।

------------